संख्या-15/2017 /569/30-3-17-25बी/2013

प्रेषक,

सीताराम यादव,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ दिनॉक 31 मार्च, 2017

विषय - प्रदेश के परिवहन कार्यालयों में वेबबेस्ट वाहन 4.0 - सारथी 4.0 इन्टीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट एप्लीकेशन साफ्टवेयर के क्रियान्वयन हेतु इन्टरनेट लीज्ड लाइन की सुविधा हेतु बीएसएनएल को अग्रिम भुगतान हेतु वित्तीय वर्ष 2016-17 के आयोजनेत्तर पक्ष में 13-टेलीफोन पर व्यय की मद में पुनर्विनियोग द्वारा उपलब्ध करायी गयी धनराशि में से रू0 6,40,11,929.00 के अग्रिम आहरण की अनुमति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-194कं0से0/2016-32कं0से0(कनेक्टिविटी)/08-1, दिनॉक 19-05-2016 के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि प्रदेश के परिवहन कार्यालयों में वेबबेस्ट वाहन 4.0 - सारथी 4.0 इन्टीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट एप्लीकेशन साफॅटवेयर के क्रियान्वयन हेतु इन्टरनेट लीज्ड लाइन की सुविधा हेतु बीएसएनएल द्वारा प्रस्तुत बिल के सापेक्ष धनराशि रू0 6,40,11,929.00 अग्रिम भुगतान किए जाने का अनुरोध किया गया है।

2- उल्लेखनीय है कि प्रदेश के परिवहन कार्यालयों में वेबबेस्ट वाहन 4.0 - सारथी 4.0 इन्टीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट एप्लीकेशन साफॅटवेयर के क्रियान्वयन हेतु इन्टरनेट लीज्ड लाइन की सुविधा पर आने वाले व्यय को वित्तीय वर्ष 2016-17 में परिवहन विभाग की अनुदान संख्या-43 के अन्तर्गत आयोजनेत्तर पक्ष में लेखाशीर्ष-3055-सडक परिवहन-001-निदेशन तथा प्रशासन-03-अधिष्ठान व्यय के अन्तर्गत 13-टेलीफोन पर व्यय की मद में पर्याप्त धनराशि उपलब्ध न होने के कारण उक्त लेखाशीर्ष-3055-सड़क परिवहन-001-निदेशन तथा प्रशासन-46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर के क्रय में संभावित बचत के दृष्टिगत उक्त मद से रू0 640.12 लाख का पुनर्विनियोग मद संख्या-13-टेलीफोन पर व्यय में आदेश संख्या-45/30-3-2017-25बी/2013, दिनॉक 31-01-2017 द्वारा कराया गया है।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि परिवहन आयुक्त कार्यालय, लखनऊ में प्रदेश के परिवहन कार्यालयों में वेबबेस्ट वाहन 4.0 - सारथी 4.0 इन्टीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट एप्लीकेशन साफॅटवेयर के क्रियान्वयन हेतु इन्टरनेट लीज्ड लाइन की सुविधा हेतु भारत संचार निगम लिमिटेड, लखनऊ को उनकी शर्त के अनुसार अग्रिम भुगतान करने हेतु धनराशि रू0 6,40,11,929.00 (रू0 छः करोड़ चालीस लाख ग्यारह हजार नौ सौ उन्तीस मात्र) का अग्रिम आहरण कर व्यय किए जाने की वित्त (लेखा) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-ए-1-2774/दस-15-1(1)/69, दिनॉक 25-10-1983 तथा शासनादेश संख्या-ए-1-235/दस-15-1(1)/69, दिनॉक 10-06-2011 में निहित शर्तें एवं प्रतिबन्धों के अधीन एतद्द्वारा अनुमति प्रदान की जाती है। इस सम्बन्ध में अग्रेतर शर्तें निम्नवत हैं :-

(1) अग्रिम के रूप में आहरित की जा रही समस्त धनराशि का परिवहन आयुक्त द्वारा समायोजन दिनॉक 31-03-2017 तक अवश्य प्रस्तुत कर दिया जायेगा।
(2) वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के प्रस्तर-162 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार जो सरकार कर्मचारी/अधिकारी धन को आहरित करेगा वही उसके समायोजन हेतु भी जिम्मेदार होगा तथा यदि कोई क्षति होती है तो उसके लिये भी सम्बन्धित सरकारी कर्मचारी/अधिकारी जिम्मेदार होगा।
(3) क्रय किये जाने वाले उपकरणों की गुणवत्ता एवं दर सुनिश्चित किये जाने का दायित्व परिवहन आयुक्त का होगा।

2/-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(4) परिवहन आयुक्त द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि उपकरणों की गुणवत्ता उच्चकोटि की हो एवं मूल्य प्रचलित बाजार दर से अधिक न हो।

(5) प्रक्योरमेंट मैनुअल के अध्याय-11 के प्रस्तर-11.18 के अनुसार ब्याज की देयता के सम्बन्ध में परिवहन आयुक्त अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

4- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-43 के अन्तर्गत लेखाशीर्ष-3055-सडक परिवहन (आयोजनेत्तर)-001-निदेशन तथा प्रशासन-03-अधिष्ठान व्यय-13-टेलीफोन पर व्यय के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित किये गये आदेशों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(सीताराम यादव)
उप सचिव।

संख्या-15/2017/569(1)/तीस-3-2017, तददिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, कार्यालय परिवहन आयुक्त, लखनऊ।
5- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, लखनऊ।
6- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9
7- वित्त (लेखा) अनुभाग-1
8- नियोजन अनुभाग-4
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सीताराम यादव)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।